प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पूरा राज्य भीषण गर्मी की चपेट में, सरायकेला, पलामू और गढ़वा में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचा, मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन दिनों तक हीट वेव को लेकर जारी किया रेड अलर्ट।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्ष में दो बार विद्यार्थियों को प्रवेश देने का लिया निर्णय।
- झारखंड हाईकोर्ट ने जे.एस.एस.सी को सहायक आचार्य की परीक्षा में शामिल होने के लिए याचिका दाखिल करने वाले 41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से परीक्षा लेने का दिया निर्देश।
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करने पर दिया जोर, कई केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड के विकास को लेकर चर्चा की।

*******************

पूरा झारखंड अभी भीषण गर्मी की चपेट में है। कल पलामू, गढ़वा और सरायकेला का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इधर मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के अलग–अलग हिस्सों में अगले तीन दिनों तक राज्य में भीषण गर्मी और हीट वेव की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज और कल राज्य के उत्तर–पश्चिमी भागों में गढ़वा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में सीवियर हीट वेव चलने को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 14 जून को राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में सीवियर हीट वेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने हीट वेव से बचाव का दिशा निर्देश भी जारी किया है।

*******************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने देशभर के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए वर्ष में दो बार नामांकन प्रक्रिया आयोजित करने का निर्णय लिया है। यूजीसी ने जारी निर्देश में बताया है कि शिक्षण सत्र 2024–25 में जुलाई–अगस्त और जनवरी–फरवरी में दो बार नामांकन प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इससे छात्रों को लाभ होगा। वैसे छात्र, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई–अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक गये हों, उन्हें इसका लाभ मिलेगा। साथ ही उद्योग जगत भी वर्ष में दो बार कैंपस सेलेक्शन की प्रक्रिया संचालित कर सकते हैं।

*******************

सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अमृता कुमारी और इकतालीस अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में कल सुनवाई हुई। हाईकोर्ट सुनवाई के दौरान जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार को याचिका दाखिल करने वाले सभी 41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से परीक्षा लेने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने जेएसएससी को चार सप्ताह का समय दिया है। बता दें कि आज से सहायक आचार्य की परीक्षा शुरू हो रही है।

इधर झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति में गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार को जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट और एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है।

*******************

11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून को होगी। इस बीच जेपीएससी ने कहा है कि प्रारंभिक परीक्षा में पास जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 14 जून तक जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। आयोग ने कहा कि तकनीकी खामियों की वजह से अभ्यर्थियों की ओर से लगातार की जा रही मांग को लेकर आयोग ने आवेदन की तारीख बढ़ाई है।

*******************

सरायकेला जिले में अवैध खनन एवं परिचालन को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स लगातार छापामारी कर रही है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कल अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्रालय की उन विभिन्न पहलों को पूरा करने का प्रयास करेंगे, जिनका उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करना है। इसके बाद उन्होंने कई मंत्रियों से मिल कर विकास कार्यों पर चर्चा की। श्री सेठ ने केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, शहरी विकास एवं ऊर्जा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर झारखंड के विकास पर चर्चा की। इस दौरान सभी केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ओड़िशा के नये मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी एवं दो उप मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव तथा प्रभाती परीदा को बधाई दी है। श्री मरांडी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि पर जनता की सेवा करने के लिए संथाल आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया जाना गौरव की बात है।

*******************

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला अमेरिका से होगा। यह मैच न्यूयॉर्क में खेला जायेगा। भारत ग्रुप में बेहतर रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि अमेरिका दूसरे स्थान पर है। इसके अलावा आज दो और मैच खेले जायेंगे। एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला नामीबिया से होगा, जबकि फ्लोरिडा में श्रीलंका का सामना नेपाल से होगा।

*******************

- सरायकेला थाना क्षेत्र के मौज में बाईपास सडक निर्माण को लेकर जमीन अधिग्रहण करने पहुंची पुलिस–प्रशासन की टीम द्वारा ग्रामीणों पर लाठी बरसाने से आक्रोशित लोगों ने दोषी अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह तथा जिला पदाधिकारियों के खिलाफ सरायकेला थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गयी है। सरायकेला थाना में इस संबंध में पांच अलग–अलग लिखित शिकायत दिया गया है।
- गांडेय विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन ने कल रांची में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया और गिरिडीह संसदीय सीट पर मिली हार पर चर्चा की।
- सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–33 रामगढ़ में सड़क निर्माण में लगे रोड रोलर को कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे कार सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। घटना बीती रात की है।

<u>*******************</u>

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री की विभागीय समीक्षा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सीएम के हवाले से लिखा है– आदिवासियों को उनकी जमीन पर दखल दिलाएं।

प्रभात खबर और दैनिक जागरण की सुर्खी है– सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा को लेकर केंद्र और एनटीए से मांगा जवाब, काउंसिलिंग पर रोक नहीं।

दैनिक भास्कर ने झारखंड में भीषण गर्मी की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। लिखा है– अगले तीन दिन हीट वेव का रेड अलर्ट, 15 जून तक स्कूल बंद।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– भारत के सीक्रेट हथियारों से खौफ में पाकिस्तान और चीन।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ के मंत्रालय का कार्यभार संभालने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने नीट परीक्षा को लेकर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगने और काउंसिलिंग पर रोक नहीं लगाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<u>*******************</u>